JALAUN POLICE

दिनांक – 29.10.2026

कोतवाली जालौन पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 25,000/- रुपये का शातिर ईनामिया अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया गया, कब्जे से अवैध असलहा जिन्दा/खोखा कारतूस, नगदी व मोटरसाईकिल बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईशान सोनी के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 28.10.2026 को कोतवाली जालौन पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली जालौन क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग की जा रही थी, मुखविर की सूचना पर डी॰डी॰ मेमोरियल स्कूल के पास जालौन से कोंच संपर्क मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति को घेरावन्दी कर रोकने का प्रयास किया गया तभी अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिसमे पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी एवं नियंत्रित फ़ायरिंग की गई। जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। अभियुक्त के पास से 01 अवैध असलाह जिसमें 01 जिंदा कारतूस फंसा हुआ और 02 ज़िंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस, 9500/- रुपये नगद व 01 मोटरसाइकिल मौके से बरामद हुई है। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली जालौन पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रारम्भिक पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम 1. आजाद खां पुत्र कल्लू खां निवासी मो0 दलेल नगर थाना अजीतमल जनपद औरैया बताया है तथा अभियुक्त द्वारा दिनाँक 30/08/2026 को कोतवाली जालौन क्षेत्रान्तर्गत बस में बैठी महिला से नगदी व जेवरात चोरी करने की घटना को स्वीकार किया गया है। उक्त घटना के सम्बन्ध में तत्समय वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली जालौन पर मु0अ0सं0 195/26 धारा 305 बी/61बी बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

1-आजाद खां पुत्र कल्लू खां निवासी मो0 दलेल नगर थाना अजीतमल जनपद औरैया

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद असलाह 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस 315 बोर

2- 9500/- रुपये नगद

3- 01 अदद मोटरसाइकिल अपाचे।

अभियुक्त आजाद खां का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 137/17 धारा 420 भादवि कोतवाली औरैया
2. मु0अ0सं0 176/17 धारा 420 भादवि कोतवाली औरैया
3. मु0अ0सं0 178/17 धारा 379/401/411/420 भादवि कोतवाली औरैया
4. मु0अ0सं0 211/17 धारा 3 उ0प्र0 गिरोहबन्द अधि0 कोतवाली औरैया
5. मु0अ0सं0 121/19 धारा 03 उ0प्र0 गौवध निवा0 अधि0 थाना अजीतमल जनपद औरैया
6. मु0अ0सं0 143/23 धारा 379/411/420 भादवि थाना बिधूना जनपद औरैया
7. मु0अ0सं0 78/25 धारा 305 बी/317(2) बीएनएस थाना बिधूना जनपद औरैया
8. मु0अ0सं0 40/23 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना बेला जनपद औरैया
9. मु0अ0सं0 121/26 धारा 2/3 गिरोहबन्द अधि0 थाना बिधूना जनपद औरैया
10. मु0अ0सं0 51/19 धारा 3/5ए/8 गौहत्या, 11 पशु क्रूरता अधि0 307/34 भादवि थाना अलीनगर चन्दौली
11. मु0अ0सं0 53/19 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना अलीनगर जनपद चन्दौली
12. मु0अ0सं0 65/19 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द अधि0 थाना अलीनगर जनपद चन्दौली
13. मु0अ0सं0 288/23 धारा 379/411 भादवि थाना कदौरा जनपद जालौन
14. मु0अ0सं0 290/23 धारा 307/401 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कदौरा जनपद जालौन
15. मु0अ0सं0 288/10 धारा 356/411 भादवि थाना बकेबर जनपद इटावा
16. मु0अ0सं0 289/10 धारा 21/22 एऩडीपीएस एक्ट थाना बकेबर जनपद इटावा

पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जालौन मय टीम
2. प्रभारी एसओजी मय टीम।